
# आज बहनों के खाते में आएंगे 1541 करोड़

## झाबुआ जिले के पेटलावद में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

**1250** रुपए की ये अंतिम किस्त होगी | **1500** रुपए अगले माह से मिलेंगे

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 11 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 12 सितंबर शुक्रवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में झाबुआ जिले के पेटलावद से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 28वीं किश्त के 1541 करोड़ से अधिक राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण करेंगे.**

ये आखिरी किस्त होगी, जिसमें 1250 रुपये दिये जाएंगे, उसके बाद अगले माह दीपावली से पहले बहनों को प्रतिमाह 1500 रुपये अंतरित किये जाएंगे. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रदेश के 53.48 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों के खातों में 320.89 करोड़ से अधिक राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के एलपीजी कनेक्शनधारी उपभोक्ता एवं गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पंजीकृत लाड़ली बहनों एवं विशेष पिछड़ी जनजाति की आर्थिक योजनान्तर्गत पंजीकृत 31 लाख से अधिक बहनों के खातों में 450 रूपये गैस रिफिल की 48 करोड़ से अधिक की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण भी करेंगे.



**345.34 करोड़ रूपये लागत के विकास कार्यों का होगा भूमिपूजन एवं लोकार्पण:**

मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय कार्यक्रम में झाबुआ जिले के 345.34 करोड़ रूपये लागत के 72 से अधिक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे. जिसमें विभिन्न विभागों के 194.56 करोड़ रूपये के 35 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 150.78 करोड़ रूपये लागत के 37 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिला प्रशासन द्वारा तैयार जनजातीय आयुर्वेदिक परंपरा एवं चिकित्सा ज्ञान पर केंद्रित पुस्तक झाबुआ के संजीवक का विमोचन करेंगे.

### गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट का भी आज शुभारंभ करेंगे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 12 सितम्बर को मंदसौर में गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के चौथे संस्करण का शुभारंभ करेंगे. यह रिट्रीट लल्लूजी एंड संस द्वारा मप्र पर्यटन बोर्ड के सहयोग से विकसित किया गया है, जो लक्जरी कैंपिंग, एडवेंचर टूरिज्म और सांस्कृतिक गतिविधियों का अनूठा संगम है.

गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के दौरान पर्यटक टेंट सिटी में हॉट-एयर बलूनिंग, पैरामोटरिंग, जेट स्कीइंग, कायाकिंग और मोटर बोटिंग जैसी रोमांचक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे. हिंगलाजगढ़ किले की हेरिटेज ट्रेल, गांधीसागर अभयारण्य में वन्यजीव सफारी और ग्रामीण जीवन के अनुभव भी पर्यटकों के आकर्षण का हिस्सा रहेंगे. इस रिट्रीट में पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता पर विशेष ध्यान दिया गया है.



**जनसंपर्क आयुक्त सक्सेना ने की सीएम डॉ. यादव से भेंट**

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नवागत आयुक्त जनसंपर्क दीपक सक्सेना ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की.

### नवागत आयुक्त जनसंपर्क दीपक सक्सेना ने किया कार्यभार ग्रहण

**भोपाल.** नवागत आयुक्त जनसंपर्क दीपक सक्सेना ने गुरूवार को जनसंपर्क संचालनालय में कार्यभार ग्रहण किया. उन्होंने जनसंपर्क के अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर चर्चा की. इस अवसर पर अपर संचालक जी.एस. वाधवा , संजय जैन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

### एक नजर में

**90 लाख के गबन के मामले में 9 वेंडर फरार**

**बड़वानी.** पाटी विकासखंड क्षेत्र में ग्राम पंचायतो के कार्यों में करीब 90 लाख रुपए के गबन के मामले में आरोपी नौ वेंडर अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं. इस मामले को लेकर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भी लिखा है. जानकारी के अनुसार जनसुनवाई में शिकायत को लेकर जांच दाल का गठन किया गया था, जिसमें पाटी विकासखंड के सेमलेट, लिम्बी, कंडरा, वेरवाडा , ओसाडा और आंवली ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्यों की जांच की गई थी. जांच दल के प्रतिवेदन में अधिकांश कार्य गुणवत्ता हीन अथवा राशि निकालने के बाद भी निर्माण स्थल पर नहीं पाए गए. ग्राम पंचायतों के द्वारा पोर्टल पर बिना जीएसटी/ टिन नंबर के अस्पष्ट एवं कोरे बिल अपलोड कर राशि का आहरण किया गया. इसमें सरपंच, सचिवों और सहायक सचिवों द्वारा वेंडर के खाते में शासकीय राशि का भुगतान कर दिया गया. जिसको लेकर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी काजल जावला के निर्देश पर संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंचों ,सचिवों व सहायक सचिवों और संबंधित वेंडर के विरुद्ध 25 मई को विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया था. इसके बाद सरपंचों सचिवों, सहायक सचिवों ने प्राथमिकी के विरुद्ध कोर्ट से स्टे प्राप्त किया कि जांच पूर्ण होने तक उनके विरुद्ध बलपूर्वक कार्रवाई नहीं की जाए.

# कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे का निर्वाचन शून्य करने की मांग

**हाईकोर्ट में नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने दायर की याचिका**

**जबलपुर, 11 सितम्बर. मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक याचिका दायर की है. इसके जरिए अपनी ही पार्टी कांग्रेस से विधायक निर्मल सप्रे का निर्वाचन शून्य करने की मांग की गई है. याचिका में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को भी पक्षकार बनाया गया है. मामले में शीघ्र सुनवाई संभावित है.**

याचिका के अनुसार पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष तोमर को शिकायत की गई थी, लेकिन निर्धारित 90 दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई. इसीलिए पहले हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में याचिका दायर की गई थी. वह याचिका क्षेत्राधिकार के बाहर का मामला निरूपित कर निरस्त कर दी गई थी.

हालांकि अन्य बेंच में मामला दायर करने स्वतंत्र कर दिया गया था, जिसके बाद हाईकोर्ट में मुख्यपीठ जबलपुर में याचिका दायर की गई है. याचिका में कांग्रेस विधायक सप्रे पर पार्टी विरोधी गतिविधि का आरोप लगाया गया है.

# प्रधानमंत्री का आगमन सौभाग्य की बात : मुख्यमंत्री

## सीएम और अध्यक्ष खंडेलवाल ने पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

**भोपाल, 11 सितबंर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने गुरुवार को केन्द्रीय मंत्री एवं मध्यप्रदेश शासन के मंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 17 सितंबर को धार जिले की बदनावर विधानसभा के भैंसोला में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया.**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने जन्म दिवस 17 सितम्बर को मध्यप्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं, यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है. इसलिए आप सभी उनके कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियों में जुट जाएं. पीएम मित्रा पार्क से प्रदेश के आदिवासी अंचल में विकास के नए द्वार खुलेंगे और समृद्धि आएगी.

सेवा पखवाड़े के साथ करें प्रधानमंत्री के स्वागत की तैयारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यक्तिगत उपलब्धियों से अधिक लोगों के जीवन में बदलाव लाने और गरीब कल्याण पर जोर देते हैं. इसीलिए उनके जन्मदिवस से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती



02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है. हमारे लिए गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री अपने जन्मदिवस पर मध्यप्रदेश आ रहे हैं. इसलिए आप सभी को सेवा पखवाड़े की गतिविधियों के साथ-साथ प्रधानमंत्री जी के स्वागत की तैयारियों में जुटना है. महिला सशक्तीकरण और नारी शक्ति की बेहतरी प्रधानमंत्री जी की प्राथमिकता रही है.

इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने महिलाओं पर केंद्रित अनेक योजनाएं शुरू की हैं. प्रधानमंत्री अपने जन्मदिवस पर 17 सितंबर को भी एक ऐसे ही अभियान 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' का शुभारंभ कर रहे हैं.

### प्रधानमंत्री आदिवासी क्षेत्र को बड़ी सौगात देंगे खण्डेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन में एमपी है और मध्यप्रदेश के मन में प्रधानमंत्री बसे हुए हैं. प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश और प्रदेश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है. प्रधानमंत्री जी जब भी मध्यप्रदेश आते हैं सौगात देकर जाते हैं. 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी अपने जन्मदिन पर मध्यप्रदेश के आदिवासी अंचल को पीएम मित्रा पार्क के रूप में बडी सौगात देने आ रहे हैं. पीएम मित्रा पार्क मध्यप्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा.

# मूसलाधार बारिश को लेकर अलर्ट, तेज हवाएं चलेंगी

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 11 सितबंर. मप्र में अगले 24 घंटे के दौरान अनूपपुर, डिडौंरी, मंडला, बालाघाट सहित जिलों में मूसलाधार बारिश के आसार बने हैं. मौसम विभाग ने इन जिलों में तेज हवाओं के चलने और भारी बारिश की संभावना जताई है. इसके साथ ही प्रदेश के अशोकनगर, शिवपुरी, खरगौन, धार, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा और नीमच सहित जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है.**



जिसके चलते जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. बता दें कि प्रदेश में इन दिनों भारी बारिश के चलते कई इलाके जलमग्न हो गए हैं. प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के जाने पर भी मनाही की है.

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक एक सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र उत्तर-पश्चिम अरब सागर और संलग्न दक्षिण-पश्चिम पाकिस्तान पर अवस्थित है.

अगले 12 घंटों के दौरान इसके लगभग पश्चिम की ओर बढ़ने और धीरे-धीरे उसी क्षेत्र में एक निम्न दाब क्षेत्र में कमज़ोर होने की संभावना है. वर्तमान में मानसून ट्रफ़ माध्य समुद्र तल पर श्री गंगानगर, बरेली, बाराबंकी, देहरी, पुरुलिया, दीघा और फिर दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी विस्तृत है. उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और संलग्न दक्षिण ओडिशा पर ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण माध्य समुद्र तल से 4.5 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है और ऊँचाई के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है.

# कलेक्टर खाद का वितरण व्यवस्थित ढंग से कराएं

**किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ने दिए निर्देश**

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 11 सितंबर. किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिलों में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है. उन्होंने सभी जिला कलेक्टर्स को अपने जिले में खाद का वितरण व्यवस्थित ढंग से कराने के निर्देश दिये हैं.**

उन्होंने कहा कि प्रदेश में गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक खाद उपलब्ध होगी. प्रदेश में गत वर्ष 1 अप्रैल से 9 सितम्बर 2024 तक 15.83 लाख मीट्रिक टन यूरिया का विक्रय हुआ था जिसके विरुद्ध इस वर्ष 9 सितंबर 2025 तक 18.34 लाख मीट्रिक टन की कुल उपलब्धता थी, जिसमें से 16.19 लाख मीट्रिक टन का विक्रय किया जा चुका है. प्रदेश में 2.15 लाख मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है.

प्रदेश में गत वर्ष 1 अप्रैल से 9 सितम्बर 2024 तक 9.39 लाख मीट्रिक टन डी.ए.पी + एन.पी.के. का विक्रय हुआ था जिसके विरुद्ध इस वर्ष 9 सितंबर तक 13.96 लाख मीट्रिक टन की कुल उपलब्धता थी, जिसमें से 9.71 लाख मीट्रिक टन का विक्रय किया जा चुका है एवं 4.25 लाख मीट्रिक टन डी.ए.पी. + एन.पी.के. प्रदेश में उपलब्ध है. प्रदेश के लिए प्रतिदिन लगभग 7 से 8 रैक विभिन्न जिलों के लिए आ रही हैं.



# कांग्रेस की 'किसान न्याय यात्रा' आज

## उज्जैन से शुरू होगी यात्रा, दिग्गज नेता होंगे शामिल

**विशेष संवाददाता, भोपाल**
**मुख्यमंत्री मोहन यादव के गृह जिले उज्जैन में शुक्रवार, 12 सितम्बर 2025 को कांग्रेस पार्टी अपनी किसान न्याय यात्रा की शुरुआत करने जा रही है. कांग्रेस नेताओं ने इस रैली को भाजपा सरकार की किसान विरोधी और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ ऐतिहासिक आंदोलन करार दिया है.**

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, एआईसीसी महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित वरिष्ठ नेता, विधायक, जिला अध्यक्ष और हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे.

कांग्रेस नेताओं ने लगाए आरोप

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव अपने ही गृह जिले के किसानों की व्यथा सुनने को तैयार नहीं हैं. उज्जैन के किसान कर्ज, महंगाई और खाद संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार आंख मूंदकर बैठी है. कांग्रेस के अनुसार, यह न्याय यात्रा केवल किसानों की समस्याओं तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं की बेरोजगारी, महिलाओं की असुरक्षा और आम जनता की उपेक्षा के खिलाफ भी संघर्ष है.

### रैली में दिया जाएगा सशक्त संदेश

रैली में भाजपा को वोट चोर, किसान विरोधी और बेरोजगारी की जननी बताने वाला सशक्त संदेश दिया जाएगा। कांग्रेस ने घोषणा की कि मुख्यमंत्री के गृह जिले से उठी यह गूंज पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार की जड़ें हिला देगी। अब जनता झूठे वादों और जुमलों से नहीं बहकेगी, बल्कि न्याय और हक़ की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस के साथ खड़ी है।

# उप मुख्यमंत्री ने बेला-सिलपरा रिंग रोड निर्माण की समीक्षा की

## शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 सितम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बेला-सिलपरा रिंग रोड की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करें ताकि केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गड़करी जी से इसका लोकार्पण कराया जा सके.**

उन्होंने आरओवी, कैनाल के ऊपर ब्रिाज तथा बीहर नदी के ऊपर बनाये जा रहे ब्रिाज की प्रगति की जानकारी ली तथा कार्यों को गुणवत्ता के साथ नियत समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये.

बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि आरओबी का कार्य अक्टूबर माह तक, कैनाल के ऊपर ब्रिाज का कार्य नवम्बर माह तक तथा बीहर नदी के ऊपर फोरलेन ब्रिाज/सड़क का कार्य अक्टूबर माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जायेगा और जनवरी माह के अंत तक 13 किमी के रिंग रोड का कार्य पूर्ण हो जायेगा. उप मुख्यमंत्री ने सिलपरा तरफ आरईबाल बनाने तथा सड़क किनारे सर्विस रोड का कार्य किये जाने के निर्देश निर्माण विभाग को दिये. इस अवसर पर पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी एनएचएआई के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.



# संदीपनि स्कूल बस की हालत खस्ता, धक्का लगाते छात्र

## विद्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था भी भगवान भरोसे, बसों में स्टंट करते हैं छात्र, विद्यालय प्रबंधन अंजान

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 11 सितम्बर। बरगवां स्थित संदीपनी उमा विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए लगी बस की हालत खस्ता होने पर आज छात्रों ने स्टार्ट कराने के लिए धक्का मारते नजर आये। इसे देख हर कोई हैरान थे। इधर विद्यालय के ट्रॉयलटो में गंदगी देख साफ-सफाई की लचर व्यवस्था पर हर कोई विद्यालय प्रबंधन को कोसते नजर आये।**

गौरतलब है कि म.प्र. में शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं, लेकिन हकीकत में हालात बिल्कुल अलग हैं। ताजा मामला जिले के बरगवां स्थित संदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का है। यहां स्कूल की बसें बार-बार सड़क पर खराब हो जाती हैं। हालत यह है कि बच्चे खुद बस को धक्का मारकर स्कूल पहुंचते हैं। समस्या सिर्फ इतनी नहीं है बसों में सुरक्षा के बुनियादी इंतजाम तक नहीं हैं। खिड़कियों पर लोहे की जालियां नहीं लगीं, जिससे बच्चे सिर बाहर निकालकर सफर करते हैं। हादसे का खतरा हर वक्त बना रहता है। नियम के मुताबिक हर बस में ड्राइवर के साथ एक हेल्पर होना चाहिए, लेकिन यहां वह भी नहीं है। विद्यालय के प्राचार्य का रामकृष्ण शुक्ला कहना है कि वेंडर निर्मल बस सर्विस को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब जिला शिक्षा अधिकारी को इसकी जानकारी दी जाएगी।



### चलती बस में स्टंट करते हैं छात्र

आलम यह है कि संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगवां में बस में सवार होने वाले कई छात्र गेट पर लटकते हुये स्टंट करते नजर आते हैं। कभी एंगल पकड़ कर लटकते-झुलते दिखाई देते हैं। यह कोईनई बात नही है। जबकि वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस तरीके से सड़क पर दौड़ रही, बसों में से ओवरलोड छात्र-छात्राएं बैठाएं गए हैं एवं गेट पर खड़े होकर हाथ पैर बाहर निकाल कर छात्र स्टंट मार रहे हैं। अब प्राचार्य विद्यालय के यह जरूर कह रहे हैं कि सुधार कराया जाएगा, लेकिन देखने वाली बात यह होगी की सुधार कब होता है अगर कोई घटना घटती है तो जिम्मेदार कौन होगा ?

### पैदल मार्च के बाद प्राचार्य हटीं

**बड़वानी, 11 सितंबर ( वार्ता )** जिले के मेणीमाता स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के पैदल मार्च के बाद प्रभारी प्राचार्य को हटा दिया गया. विद्यार्थियों ने प्राचार्य और शिक्षकों के खिलाफ आवाज उठाते हुए बड़वानी जाने के लिए 35 किमी पैदल मार्च शुरू किया था. छात्रों ने प्रभारी प्राचार्य साधना पाटीदार पर मनमानी, फीस व छात्रवृत्ति में अनियमितता, खेलकूद की गतिविधियों और स्वच्छता की उपेक्षा के साथ-साथ परीक्षा में फेल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है. सूचना पर बीईओ आरएस जाधव और तहसीलदार हितेंद्र भावसार बरुखोदरा पहुंचे और छात्रों को समझाने का प्रयास किया.

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है अनूपा शुक्ला पिता जगदीश त्रिवेदी पति स्व धीरेन्द्र कुमार शुक्ला निवासी वार्ड क्र. 2, सतना मार्ग, अमरपाटन, जिला मैहर के द्वारा मेरी पक्षकार संस्था से अपने हक़ व स्वामित्व का प्लाट जो कि ग्राम कामता प.ह. कामता, चित्रकूट, जिला सतना में स्थित है जिसका ख.क्र. 643/1/1/1/1/1/2/6 रकबा 1500 वर्गफूट है मेरे पक्षकार के समक्ष भवन ऋण प्राप्त करने हेतु बंधक रखा जा रहा है अत: जिस भी व्यक्ति विशेष का सम्बन्ध यदि उक्त प्लाट से हो तो वह मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा कामदगिरी जिला सतना में 7 दिनों के अंदर संपर्क करें.

**के.के. पयासी,एडवोकेट**
**जिला न्यायालय सतना मप्र**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै शेखन प्रजापति तनय शोभनाथ प्रजापति ग्राम-रामभवन पो.जैतवारा, जिला सतना म.प्र. का होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि मैने रिलायंस पालिसी नं.-19289984 लिया था जिसमें मेरा नाम शेखन कुम्हार तनय शोभनाथ कुम्हार अंकित हो गया था जो कि गलत है जबकि सही नाम शेखन प्रजापति तनय शोभनाथ प्रजापति है जो मेरे आधार कार्ड, बैंक खाता, पैन कार्ड आदि में दर्ज है. शेखन प्रजापति तनय शोभनाथ प्रजापति और शेखन कुम्हार तनय शोभनाथ कुम्हार दोनों नाम मेरे ही हैं. अत: मेरे पालिसी में दर्ज नाम शेखन कुम्हार तनय शोभनाथ कुम्हार के स्थान पर सही नाम शेखन प्रजापति तनय शोभनाथ प्रजापति दर्ज किया जाए जो सत्य एवं सही है.

**नाम सुधार सूचना**

मै सुनील नामदेव पिता श्री रामगोपाल नामदेव निवासी पथरौंधा तह.उचेहरा जिला सतना म.प्र. का निवासी होकर बलफ सूचित कर रहा हूं कि मेरी पुत्री-JAGRATI NAMDEV सेन्ट माइकल हयर सेकेण्डरी स्कूल सतना में कक्षा 10 में अध्यनरत है जिसके विद्यालय के रिकार्ड में पुत्री के नाम की अंग्रेजी में स्पेलिंग-JAGRATI NAMDEO तथा मेरे नाम की स्पेलिंग -SUNIL NAMDEO, मेरी पत्नी के नाम की स्पेलिंग VANDNA NAMDEO लिखा है जो कि गलत है जबकि सही नाम की स्पेलिंग JAGRATI NAMDEV पिता-SUNIL NAMDEV माता - VANDNA NAMDEV है जो तीनों के आधार कार्ड व अन्य दसवेजों में दर्ज है. अत: मेरी पुत्री के विद्यालय रिकार्ड में उक्त तीनों के सही नाम दर्ज किया जाए. जो सत्य एवं सही है

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विजेन्द्र कुमार दुबे पिता श्री भगवान दास दुबे उम्र-42 वर्ष निवासी ग्राम-ढोटी तुलसी वार्ड पोस्ट विन्ध्यनगर तहसील व जिला-सिंगरौली (म.प्र.) का हूँ। मेरा शपथ पत्र निम्नांकित है :- यह कि मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरा पुत्र Shourya Kumar Dubey DAV SR. SEC. PUBLIC SCHOOL DUDHICHUA DISTT. SINGRAULI में पढ़ता है मेरे पुत्र के स्कूल रिकार्ड में नाम त्रुटिवश Shorya Kumar Dubey लेख किया गया है जो गलत है। यह कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में Shourya Kumar Dubey लेख है जो सही एवं वास्तविक नाम है। यह कि मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड के अनुसार विद्यालय रिकार्ड में सुधार कराने बावत् यह शपथ पत्र निष्पादित करा रहा हूँ जो सही एवं सत्य है।

**शपथकर्ता, विजेन्द्र कुमार दुबे**